# बीपीएस कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर का आयोजन

**जन जागरण संदेश**

गोहाना / खानपुर कलां, (अनिल जिंदल ), 31 जुलाई। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, में छात्राओं के लिए कल से चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर लगाया जाएगा। पांच दिवसीय इस शिविर का समापन 5 अगस्त को होगा। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने कहा कि कन्या गुरुकुल विश्वविद्यालय की नींव है। हमारा उद्देश्य छात्राओं में वैदिक मूल्यों और



नैतिकता का संचार करना है। यह शिविर छात्राओं को वैदिक संस्कृति से परिचित कराने के साथ साथ उन्हें स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। छात्राओं को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगा। जानकारी देते हुए प्राचार्य श्रीमती सुमिता सिंह ने बताया कि यह शिविर आर्य वीरांगना दल सोनीपत के विशेष सहयोग से लगाया जा रहा जिसमें छात्राओं को योग, व्यायाम ,ध्यान, आत्मरक्षा सिखाने के साथ-साथ विद्वान जनों के व्याख्यान करवाये जाएंगे। शिविर का उद्घाटन शुक्रवार 1 अगस्त को प्रातः यज्ञ से होगा। जिसमें महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुदेश मुख्यातिथि के रूप में छात्राओं का मार्गदर्शन करेंगी। जबकि डॉ नरेश भार्गव मुख्यवक्ता के रूप में छात्राओं को संबोधित करेंगे।

पंजाब केसरी
FRI,01 AUGUST 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# छात्राओं के लिए लगेगा चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर

गोहाना, 31 जुलाई (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए शुक्रवार से चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर लगाया जाएगा। 5 दिवसीय इस शिविर का समापन 5 अगस्त को होगा।

महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि कन्या गुरुकुल विश्वविद्यालय की नींव है। हमारा उद्देश्य छात्राओं में वैदिक मूल्यों और नैतिकता का संचार करना है।

यह शिविर छात्राओं को वैदिक संस्कृति से परिचित कराने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। छात्राओं को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगा।

स्कूल की प्रिंसीपल सुमिता सिंह ने बताया कि यह शिविर आर्य वीरांगना दल सोनीपत के विशेष सहयोग से लगाया जा रहा है, जिसमें छात्राओं को योग, व्यायाम, ध्यान, आत्मरक्षा सिखाने के साथ-साथ विद्वानजनों के व्याख्यान कराए जाएंगे।

शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को प्रात: यज्ञ से होगा जिसमें वी.सी. प्रो. सुदेश मुख्यातिथि और डॉ. नरेश भार्गव मुख्य वक्ता रहेंगे।

# विश्वविद्यालय में आज से चरित्र निर्माण शिविर

जासं, गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए एक से पांच अगस्त तक चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर लगाया जाएगा। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि कन्या गुरुकुल विश्वविद्यालय की नींव है। हमारा उद्देश्य छात्राओं में वैदिक मूल्यों और नैतिकता का संचार करना है। यह शिविर छात्राओं को वैदिक संस्कृति से परिचित कराने के साथ साथ उन्हें स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। छात्राओं को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगा। विद्यालय की प्राचार्य सुमिता सिंह ने बताया कि शिविर आर्य वीरांगना दल सोनीपत के विशेष सहयोग सें लगाया जाएगा। छात्राओं को योग, व्यायाम, ध्यान, आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। विद्वानों के व्याख्यान कराए जाएंगे।

# कन्या गुरुकुल में पांच दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर आज से

**गोहाना** | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, में शुक्रवार को छात्राओं के लिए चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर लगाया जाएगा। शिविर का समापन 5 अगस्त को होगा। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने बताया कि कन्या गुरुकुल विश्वविद्यालय की नींव है। हमारा उद्देश्य छात्राओं में वैदिक मूल्यों और नैतिकता का संचार करना है। यह शिविर छात्राओं को वैदिक संस्कृति से परिचित कराने के साथ साथ उन्हें स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। छात्राओं को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगा।

# भगत फूल सिंह महिला विवि में चरित्र निर्माण व वैदिक चेतना शिविर आज से

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए आज से चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर लगाया जाएगा। पांच दिवसीय शिविर का समापन 5 अगस्त को होगा। महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि कन्या गुरुकुल महिला विवि की नींव है। हमारा उद्देश्य छात्राओं में वैदिक मूल्यों और नैतिकता का संचार करना है। यह शिविर छात्राओं को वैदिक संस्कृति से परिचित कराने के साथ उन्हें स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। छात्राओं को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगा। प्राचार्य सुमिता सिंह ने बताया कि शिविर आर्य वीरांगना दल का विशेष सहयोग से रहेगा। जिसमें छात्राओं को योग, व्यायाम, ध्यान व आत्मरक्षा के गुर सिखाने के साथ-साथ विद्वान जनों के व्याख्यान करवाये जाएंगे। शिविर का उद्घाटन 1 अगस्त को प्रातः यज्ञ से होगा। डॉ. नरेश भार्गव मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं को संबोधित करेंगे।

■ कुलपति प्रो. सुदेश ने दी जानकारी।